‘ग्राम संसद-बिहार चैप्टर-5’ मुखिया संवाद में सीएम का एलान

परिसीमन के बाद ही बिहार में अगला पंचायत चुनाव : सम्राट

साढ़े सात हजार की आबादी पर एक ग्राम पंचायत बनेगी

संवाददाता,पटना

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि अगला पंचायत चुनाव परिसीमन के बाद ही कराया जायेगा. सोमवार को ताज सिटी सेंटर में आयोजित ‘ग्राम संसद-बिहार चैप्टर-5’ मुखिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगले वर्ष नगर निकायों में भी परिसीमन की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी, ताकि पंचायत और नगर निकाय क्षेत्र का स्पष्ट निर्धारण हो सके. उन्होंने कहा कि लगभग साढ़े सात हजार की आबादी पर एक पंचायत बनाने की दिशा में काम किया जायेगा. पंचायती राज विभाग में इंजीनियरिंग सेल विकसित किया जायेगा. इससे मुखिया को पंचायत क्षेत्र में योजनाओं के क्रियान्वयन में तकनीकी सहायता मिलेगी और गांवों की विकास व्यवस्था को और बेहतर किया जा सकेगा.

पंचायती राज विभाग में विकसित होगा ‘इंजीनियरिंग सेल’

2037 तक बिहार को विकसित बनाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं. 2037 में बिहार की स्थापना के 125 वर्ष पूरे होने के तक बिहार को समृद्ध, सशक्त और विकसित बनाने के लिए काम हो रहा है.

टेलीग्राम पर अपलोड कर लीक किया गया था दरोगा भर्ती परीक्षा का पेपर

पटना. दरोगा भर्ती मुख्य परीक्षा के प्रश्नपत्र और आंसर-की को व्हाट्सएप के बाद टेलीग्राम के डार्कवेब पर अपलोड कर लीक किया गया था. ईओयू की ओर से गठित एसआईटी को इस पूरे साजिश में 14 केंद्राधिक्षकों के साथ एक कोचिंग सिंडिकेट की संलिप्तता का पता चला है. केंद्राधिक्षकों को सम्मन जारी कर उनसे पूछताछ शुरू की गई है जबकि कोचिंग सिंडिकेट से जुड़े लोगों की तलाश में टीमों ने पटना के साथ ही गया और पूर्णिया में दबिश दी हैं. कुछ लोगों के नेपाल भागने की जानकारी सामने आई है, जिसके बाद एक टीम को वहां भी भेजा गया है. एसआईटी को अभी तक जांच में कई अहम साक्ष्य हाथ लगे हैं. पता चला है कि गया पूर्णिया के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय और गयाजी के गया कॉलेज के परीक्षा केंद्र से प्रश्न पत्र को निकालकर इसे व्हाट्सएप के जरिए पेपर लीक करने वाले गिरोह तक पहुंचाया गया. गिरोह ने इस पेपर और आंसर-की को टेलीग्राम के डार्कवेब पर अपलोड कर दिया.

सीएम आज करेंगे सोलर प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ

पटना. घर की छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाने वाले बिहार के 25 हजार परिवारों को आज राज्य सरकार की ओर से वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी. ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में सीएम सम्राट चौधरी लाभार्थियों को वित्तीय सहायता देंगे.

385 अपराधियों की करोड़ों की संपत्ति को कुर्क करने की तैयारी

पटना. बिहार में हत्या, रंगदारी, लूट और शराब के अवैध कारोबार से कथित तौर पर बनाई गई करोड़ों की संपत्ति अब जांच एजेंसियों के रडार पर है. पुलिस स्तर पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की रफ्तार धीमी पड़ने के बाद आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने मोर्चा संभाल लिया है. राज्यभर के करीब 385 कुख्यात अपराधियों से जुड़े संपत्ति जब्ती के मामलों को खंगाला जाएगा.

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
क्षेत्रीय कार्यालय राँची

निविदा सूचना

नए परिसर हेतु

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, राँची शाखा जुगासलाई, जमशेदपुर के लिए “नए परिसर” हेतु **(1000 स.क्र. फुट से 1500 स.क्र. फुट)** बंद निविदा आमंत्रित करता है. आवेदन करने की अंतिम तिथि : **06.10.2026** है।
अधिक जानकारी के लिए **www.centralbankofindia.co.in** देखें।
टेंडर जमा करने का पता : सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, बुटीमोड, राँची।

**मुख्य प्रबंधक
राँची**

दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

निविदा सं. एसईआर–ओएल–एचक्यू–टीआर–डब्ल्यू–टीएसआर–09–26, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मुख्य ट्रैक इंजीनियर, दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता–700043 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एवं कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: 1. **कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व रेलवे में एजेंसी के ट्रैक बिछाने द्वारा थ्रू स्लीपर रिन्यूअल (पी)(पीक्यूआरएस/एसक्यूआरएस/क्यूआरएस/टीएलई) पोर्टल और सामग्री (रेल को छोड़कर)–पुरुलिया जंक्शन–चाण्डिल जंक्शन–टीएसआर (पी) (डाउन)–20.281 टीकेएम, पुरुलिया जंक्शन – चाण्डिल जंक्शन–टीएसआर (पी) (अप)–16.289 टीकेएम, खड़गपुर – भद्रक (अप एवं डाउन)–टीएसआर (पी)–49.619 टीकेएम, (खड़गपुर और आद्रा मंडल) कुल टीएसआर (पी)=86.189 टीकेएम। 2. **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु.94,20,42,784.13, 3. **बयाना राशि:** रु. 1,88,40,900/–, 4. **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 16.12.2026 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: उक्त कार्य के लिए ई–निविदा प्रणाली एवं ऑनलाइन भागीदारी के लिए संपूर्ण विवरण www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।** (PR-786)

दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मुख्य अभियंता (निर्माण)/एस/गार्डन रीच, दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता–700043 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा नियत तिथि को 12.00 बजे बंद की जाएगी। **क्रम सं. 1. , ई–निविदा सूचना सं.: 4667–जीआरसी–सीई–सी–एसओ–38–2026, अंतिम तिथि:** 15.10.2026, **कार्यों का संक्षिप्त विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर के उप मुख्य अभियंता /निर्माण/II/ खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत आवश्यकता के अनुसार खड़गपुर–टाटानगर चौथी लाइन (राखा माइन्स स्टेशन तक), निमपुरा वेस्ट आउटर केबिन से मिदनापुर, हिजली से निमपुरा–यार्ड की तीसरी लाइन के ज़रिए और किसी भी अन्य स्थान पर यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य। **अनुमानित मूल्य:** रु.91.33 करोड़। **बोली प्रतिभूति:** रु. 1,82,66,500/–, **समापन अवधि:** 36 माह। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **द्रष्टव्य:** “प्रत्याशित बोलीदाता सभी अन्य निविदाओं में भाग लेने के लिए, **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं।” (PR-788)

बिहार में 4,409 अफसर और कर्मी दागी 727 गैर सरकारी भी भ्रष्टाचार में साझेदार

अटकेगा दागी अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रोमोशन

मनोज कुमार, पटना

राज्यभर के 4,409 सरकारी अफसरों और कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार, अनियमितताओं के विभिन्न मामलों में जांच चल रही है. इनमें आइएएस अधिकारियों से लेकर इंजीनियर, बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और पुलिसकर्मी तक शामिल हैं. सिर्फ इतना ही नहीं, सरकारी तंत्र में सेंध लगाने वाले 727 गैर-सरकारी लोगों की भूमिका भी उजागर हुई है. सरकारी और निजी लोगों को मिलाकर सरकार ने कुल 5,136 दागियों को चिह्नित किया है. इनमें से 538 दागी राज्य के सभी 38 जिलों से चिह्नित किये गये हैं. निगरानी विभाग ने इन सभी दागियों की पूरी कुंडली तैयार कर सभी विभागों के सचिवों, प्रधान सचिवों, अपर मुख्य सचिवों और डीएम को सौंप दी है. इस रिपोर्ट के आधार पर फिलहाल इनको प्रोमोशन मिलना मुश्किल होगा. प्रोमोशन की बारी आने पर विभाग और डीएम इस ब्लैकलिस्ट को सामने रखकर ही फैसला लेंगे. शिक्षा विभाग के 983, सामान्य प्रशासन के 251, स्वास्थ्य विभाग के 187, पंचायती राज के 348, पुलिस के 288, राजस्व के 246 लोगों के खिलाफ निगरानी, इओयू, एसवीयू और विभागीय जांच से जुड़े मामले चल रहे हैं.

E-mail - mdjscb@jscb.gov.in Ph. No. 0651-2913111
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd., Ranchi
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001

Ref.: 1720 **Walk - In - Interview** Date: 19.09.2026

Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. invites application from eligible candidates for the following posts on contract basis:-
1. **Cooperative Intern (1 no.)**
2. **Domain Experts (2 no.) Crop Husbandry & Information Technology / MIS.**

Date & Time of Walk-In-Interview: **29.09.2026 11.00 AM**
For eligibility criteria and other details, please visit website: **http://www.jscb.bank.in** or it may be obtained from Head office, JSCB.

**Sd/-
CEO, JSCB Ranchi**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), कल्याणी
ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES (AIIMS), KALYANI
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में एक सांविधिक निकाय)
(A Statutory Body under the Aegis of Ministry of Health and Family Welfare, GOI)
राष्ट्रीय राजमार्ग-34, बसन्तपुर, सागूना, कल्याणी, ज़िला-नदिया, पश्चिम बंगाल-741245
NH-34 Connector, Basantapur, Saguna, Kalyani, District Nadia, West Bengal -741245

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), कल्याणी में सहायक प्राध्यापक (संविदा) के पद पर नियुक्ति हेतु प्रत्यक्ष साक्षात्कार

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय महत्व के संस्थान, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), कल्याणी में निम्नलिखित पद पर पूर्णतः संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु प्रत्यक्ष साक्षात्कार के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

क्रम सं.	विभाग का नाम	पदनाम	रिक्तियों की संख्या
1	रेडियोथेरेपी	सहायक प्राध्यापक (संविदात्मक)	अनारक्षित–1

विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड, प्रत्यक्ष साक्षात्कार का कार्यक्रम, आवेदन प्रक्रिया तथा अन्य नियम एवं शर्तें संस्थान की वेबसाइट https://www.aiimskalyani.edu.in पर उपलब्ध हैं।

कार्यपालक निदेशक के आदेशानुसार
स्वा/-
प्रशासनिक अधिकारी
एम्स, कल्याणी

बक्सर में छात्राओं से दुष्कर्म के आरोपी दोनों शिक्षक बर्खास्त

संवाददाता, पटना

शिक्षा विभाग ने बक्सर के डुमरांव में नाबालिग छात्राओं के साथ दुष्कर्म करने वाले दोनों शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया है. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के सख्त निर्देश के बाद छात्राओं के साथ छेड़खानी, आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने और ऑडियो के माध्यम से धमकी देने जैसे गंभीर आरोप प्रमाणित होने पर दोनों शिक्षकों के खिलाफ सोमवार को कार्रवाई की गयी. इनमें डुमरांव प्रखंड के नथुनी अहिर के डेरा स्थित मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक वीरेंद्र प्रसाद और विद्यालय अध्यापक अरविंद कुमार शामिल हैं. भविष्य में दोनों किसी भी सरकारी नौकरी में नियुक्ति के लिए अयोग्य होंगे. मामला सामने आने के बाद शिक्षा मंत्री ने बक्सर के डीएम-एसपी को दोनों आरोपितों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करने फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिये स्पीडी ट्रायल कराने का निर्देश दिया था.

ऐसे हुआ था पर्दाफाश

बताया जाता है कि दोनों शिक्षक यह शर्मनाक काम पिछले कई महीनों से कर रहे थे. आरोपित शिक्षकों ने करीब 12 नाबालिग छात्राओंको हवस का शिकार बनाने के साथ ही उनका अश्लील वीडियो भी बना लिया था. 29 अगस्त से जब यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हुआ, तब घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय पहुंचकर दोनों आरोपित शिक्षकों की घेराबंदी की और उनकी पिटाई कर दी.

- **02 सितंबर** को निलंबन, 21 सितंबर को बर्खास्तगी
- **03 सितंबर** : स्कूल के प्रधानाध्यापक इमाल अली गिरफ्तार
- **04 सितंबर** : एक आरोपित शिक्षक अरविंद कुमार गिरफ्तार
- **07 सितंबर** : दूसरा आरोपित शिक्षक वीरेंद्र प्रसाद पकड़ाया

अ-20013/(विविध) पत्राचार/फ.सा.सु./2023-कृ. सा.
भारत सरकार
**सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय**

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग), क्षेत्रीय कार्यालय, रांची /कृषि सांख्यिकी मुख्यालय फरीदाबाद, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार, सेवानिवृत अधिकारियों से 'कंसल्टेंट' के रूप में अनुबंध आधार पर प्रारंभिक 12 माह की अवधि हेतु नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है. जिसका विवरण निम्न प्रकार है:
i) क्षेत्रीय कार्यालय रांची– 1
ii) उप क्षेत्रीय कार्यालय धनबाद– 1
iii) उप क्षेत्रीय कार्यालय दुमका– 1
iv) उप क्षेत्रीय कार्यालय हजारीबाग– 1
2. पात्रता, कार्य का स्वरुप, नियम एवं शर्तें एवं आवेदन प्रपत्र आदि का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट https://www.mospi.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है.
3. आवेदन प्रस्तुति की अंतिम तिथि 05.10.2026 है. पात्र सेवानिवृत अधिकारी अपना आवेदन ई–मेल ro.rnc–fod@nic.in पर कर सकते हैं.

(ओमा लवली लकड़ा, सहायक निदेशक)
संख्या: ए-12026/1/2025/कन्सलटेंट/3253, दिनांक: 18.09.2026 ro.rnc-fod@nic.in

पंजाब नैशनल बैंक ....भरोसे का प्रतीक
Punjab National Bank ...the name you can BANK upon !

ARMB, राँची (पता: एस. एन. गांगुली रोड, राधेश्याम लेन, रांची, जिला – राँची, झारखंड – 834001 | फोन : 7300705205, ई-मेल: cs6794@pnb.bank.in

अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एंव 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।
एतद् द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं एंव जमानतदारों को सूचना दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों को सुरक्षित लेनदार को बंधक/ प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक/ भौतिक/ सांकेतिक जो भी लागू हो जिसका कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी/ प्रतिभूति लेनदार द्वारा लिया गया है। सम्बंधित उधारकर्ताओं एंव जमानतदारों से बैंक/ सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिये गये तालिका में उल्लेखित तिथि पर **“जहाँ है”, “जैसा भी है” और “जो कुछ भी है”** पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि सम्बंधित सम्पत्तियों के सामने नीचे दिये गये तालिका में उल्लिखित है।

लॉट सं.	शाखा का नाम / खाता का नाम / उधारकर्त्ता/जमानतदारों के खाता का नाम एवं पता	बंधक/ स्वामी के नाम के अचल सम्पत्तियों का विवरण (बंधककर्त्ता की सम्पत्ति (यों)	A) 13(2) SARFAESI एक्ट के तहत डिमांड नोटिस की तिथि B) डिमांड नोटिस की तिथि तक बकाया राशि C) कब्जा की तिथि 13(4) SARFAESI एक्ट 2002 के अनुसार D) कब्जा का प्रकार सांकेतिक/ भौतिक/ रचनात्मक	A) आरक्षित मुल्य (रू0 लाख में) B) इएमडी C) बोली वृद्धि राशि D) Baanknet प्रॉपर्टी आईडी	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
01	शाखा कार्यालय : **आदित्यपुर** (289400) **मेसर्स प्रधान राइस प्रोडक्ट्स (प्रोप्राइटर श्रीमती झरना प्रधान)** **मेसर्स प्रधान राइस प्रोडक्ट्स श्रीमती झरना प्रधान (स्वर्गीय जतिन्द्र प्रधान की विधिक उत्तराधिकारी एवं उत्तरवर्ती) नीरज कुमार,** पिता श्री श्याम नंदन शर्मा **आंजना प्रधान,** पति श्री राज किशोर **दिलीप प्रधान,** पिता श्री राज किशोर, **अजीत प्रधान,** पिता श्री राज किशोर	आवासीय भूमि के सभी भाग जो, मौजा – मुदियापाड़ा, थाना – राजनगर, थाना संख्या 154, खाता संख्या 54 अंतर्गत स्थित है, जिसमें प्लॉट संख्या 647, गोड़ा-I, क्षेत्रफल 13 डिसमिल तथा प्लॉट संख्या 654, गोड़ा-I, क्षेत्रफल 3 डिसमिल, कुल क्षेत्रफल 16 डिसमिल, कुल दो प्लॉट, जिला – सरायकेला-खरसावां स्थित है, जो श्रीमती आंजना प्रधान, पति श्री राज किशोर प्रधान के नाम पर विक्रय विलेख संख्या 3381/3316 दिनांक 23/11/1987 के माध्यम से निबंधित है।	A) 26.06.2025 B) Rs. 3,89,42,345.21 + further interest C) 22.10.2025 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs 91,22,400.00 B) Rs. 9,12,240.00 C) Rs 1,00,000.00 D) PUNBQ4A66248734	06.10.2026 11:00 AM to 04:00 PM

प्रतिभूति लेनदार को ज्ञात भार का विवरण - बैंक को ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें

बिक्री सुरक्षा (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियमों एवं शर्तो के अधीन होगा और निम्नलिखित शर्तो का पालन करना होगा।
01. सम्पत्तियों को **“जहाँ है”, “जैसा भी है” और “जो कुछ भी है”** के आधार पर बेचा जा रहा है।
02. अनुसूचि में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसम्पत्तियों के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जबावदेह नही होगा।
03. बिक्री वेबसाइट **https://baanknet.com** पर ई-नीलमी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक **06.10.2026 को अपराह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक की जाएगी।**
04. उपरोक्त उल्लिखित बयाना राशि (EMD) को PSB Alliance Private Limited के E-Wallet में (**http://baanknet.com**) पोर्टल के माध्यम से सीधे जमा किया जाएगा अथवा उसी पोर्टल पर चालान (Challan) उत्पन्न कर, उसमें दिए गए खाते के विवरण के अनुसार RTGS/NEFT के माध्यम से EMD जमा किया जाएगा। यह राशि **दिनांक 05.10.2026 को 16:00 बजे से पूर्व** अनिवार्य रूप से जमा की जानी चाहिए।
05. बिक्री की विस्तृत शर्तो और नियमों के लिए, कृपया **https://baanknet.com** और **www.pnb.bank.in** पर देखें।

अधिक जानकारी के लिए

SARFAESI अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना

तिथि : 21.09.2026
स्थान : सरायकेला

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

**प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नेशनल बैंक, प्रतिभूति दाता**

करमा-धरमा पर्व के दौरान दो हादसों में आठ बच्चों की डूबने से गयी जान

भागलपुर. सुलतानगंज थाना क्षेत्र की उधाडीह पंचायत स्थित तरैटा बहियार में सोमवार सुबह करमा-धरमा पर्व के अवसर पर पोखर में स्नान करने गये छह बच्चों की डूबने से मौत हो गयी. मृतकों में तीन लड़के और तीन लड़कियां शामिल हैं, जिनकी उम्र 10 से 12 वर्ष के बीच थी. एक बच्चे को गहरे पानी में डूबता देख उसे बचाने के प्रयास में अन्य बच्चे भी पानी में उतर गये और एक-एक कर सभी छह बच्चे डूब गये. दूसरी घटना नाथनगर (कजरैली थाना क्षेत्र) के गौराचौकी हरिजन टोला की है. रविवार दोपहर करमा-धरमा पूजा के लिए फूल तोड़ने और नहाने निकली दो बच्चियां तालाब में डूब गयीं. सोमवार सुबह तालाब से दोनों के शव बरामद हुए.

हाइकोर्ट की फटकार गुवाहाटी से पटना कैसे पहुंचा 64 किलो गांजा

पटना. असम के गुवाहाटी से बिहार के पटना स्थित दीदारगंज तक करीब 64 किलो गांजा लेकर एक वाहन के पहुंचने के मामले में पटना हाइकोर्ट ने राज्य की सुरक्षा और पुलिस जांच व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं. अदालत ने कहा कि यदि बिना वैध दस्तावेज और ड्राइविंग लाइसेंस के दो नाबालिग अंतरराज्यीय सीमाएं पार कर इतनी बड़ी मात्रा में गांजा लेकर पटना तक पहुंच सकते हैं, तो सुरक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता की जांच जरूरी है. हाइकोर्ट ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर तीन महीने में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया.